# आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण केंद्र : उईके

## अतिथियों ने सराहनीय कार्यों के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को किया सम्मानित




### उत्कृष्ट कार्य के लिए कार्यकर्ता-सहायिकाएं सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से उत्कृष्ट कार्य करने वाली कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को अतिथियों ने सम्मानित किया। अतिथियों ने बच्चों एवं महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका की सराहना की।

**नईदुनिया प्रतिनिधि, बैतूलः** सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में शनिवार से 'आंगन सेवा मिलन' कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जिला स्तरीय कार्यक्रम विवेकानंद वार्ड, ग्रीन सिटी स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार, पार्षद आनंद प्रजापति सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गणेश जायसवाल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन किया। आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दीं।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की हितग्राही आरती पवार ने योजना से मिले लाभ के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि योजना के माध्यम से गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को मिलने वाली आर्थिक सहायता से उन्हें काफी मदद मिली है।

केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत 'आंगन सेवा मिलन' के माध्यम से आंगनवाड़ी केंद्रों की भूमिका को और प्रभावी बनाया जा रहा है। आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों के शिक्षण, लालन-पालन और सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया जाता है। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं घर-घर पहुंचकर कुपोषण, एनीमिया, सिकल सेल, टीबी सहित अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान करने तथा जरूरतमंदों को पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से राष्ट्र निर्माण में पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

जिला पंचायत सीईओ गणेश जायसवाल ने बताया कि आंगनवाड़ी केंद्रों को समुदाय से जोड़ने के उद्देश्य से 'आंगन सेवा मिलन' कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिले में यह कार्यक्रम 26 सितंबर से 5 अक्टूबर तक चलेगा। इसके माध्यम से आंगनवाड़ी केंद्रों की गतिविधियों और शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके।

कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने आंगनवाड़ी परिसर में पौधरोपण किया। उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और हितग्राही मौजूद रहे।

## खास-खबरें

### बड़वाह में धूमधाम से मना आंगन मिलन उत्सव महिलाओं को दी योजनाओं की जानकारी



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, बड़वाहः** सेवा संकल्प अभियान के तहत बावीसा धर्मशाला में शनिवार को आंगनबाड़ी केंद्रों का सामूहिक 'आंगन मिलन उत्सव' आयोजित हुआ। इसमें वार्ड 2, 3, 4, 5, 6 और 9 के केंद्रों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिला मंत्री अनिता मंत्री, महिला मोर्चा अध्यक्ष बबीता सोनी सहित पार्षदों ने सरस्वती पूजन से किया। अतिथियों ने मुख्यमंत्री के पत्र का वाचन कर जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उत्सव का उद्देश्य आंगनबाड़ी को समुदाय से जोड़ना रहा। बच्चों के लिए खेलकूद, गीत, कविता और चित्रकारी गतिविधियां हुईं, वहीं गर्भवती महिलाओं को पोषण, स्वास्थ्य जांच और संतुलित आहार की जानकारी दी गई। वार्ड 5 की लाभार्थी शिवानी प्रजापत ने मातृ वंदना, लाडली लक्ष्मी और लाडली बहना योजना का लाभ मिलने पर आभार जताया। कार्यक्रम महिला बाल विकास अधिकारी नंदराम चौहान के निर्देशन में हुआ।

### संवाद केंद्र पर विराजे 'विराजेश्वर महागणपति' का कृत्रिम कुंड में भावपूर्ण विसर्जन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, नर्मदापुरमः** 'संवाद केंद्र' में विगत दस दिनों से श्रद्धा एवं उल्लास के साथ जारी गणेश महोत्सव का समापन 'विराजेश्वर महागणपति' के विधिपूर्वक विसर्जन के साथ हुआ। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए भगवान श्रीगणेश की पार्थिव प्रतिमा का विसर्जन कृत्रिम कुंड में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के विभिन्न वर्गों और गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर बप्पा को भावभीनी विदाई दी। भारतीय संस्कृति में गणेश जी की स्थापना और विसर्जन दोनों ही आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत गूढ़ और महत्वपूर्ण माने गए हैं। गणेश जी का दस दिनों के लिए हमारे बीच आगमन इस बात का प्रतीक है कि जब हम ईश्वरीय चेतना, बुद्धि और विवेक को अपने जीवन में स्थान देते हैं, तो सभी अमंगल दूर होते हैं। वहीं, दस दिन बाद उनका विसर्जन हमें 'माटी से माटी' में मिलने का शाश्वत संदेश देता है। 'माटी गणेश—सिद्ध गणेश' की यह परंपरा दर्शाती है कि प्रकृति से जन्मे विघ्नहर्ता पुनः प्रकृति में ही विलीन होकर हमें अनासक्ति, विनम्रता और जीवन की क्षणभंगुरता का बोध कराते हैं।

### आंगन मिलन अभियान में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, दमोहः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सेवा काल के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा आयोजित सेवा संकल्प अभियान-2026 के तहत महिला मोर्चा का आंगन मिलन अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत 27 सितंबर से 27 अक्टूबर तक विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर संवाद और सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में महिला मोर्चा पदाधिकारियों ने विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं से संवाद किया, उनके कार्यों की जानकारी ली और सम्मान करते हुए मिष्ठान वितरित किया। गुरुनानक वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 21 में विधायक जयंत मलैया ने पहुंचकर कार्यकर्ताओं का सम्मान किया। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वर्षा रैकवार ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता समाज की आधारभूत सेवा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। वे बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा के साथ महिलाओं एवं परिवारों को भी जागरूक करने का कार्य करती हैं।

## गणित-विज्ञान ओलंपियाड के 20 विद्यार्थी शैक्षिक भ्रमण पर गुजरात रवाना



**नईदुनिया प्रतिनिधि, बैतूलः** गणित एवं विज्ञान ओलंपियाड के तहत चयनित बैतूल जिले के 20 छात्र-छात्राओं का दल शनिवार को छह दिवसीय शैक्षिक भ्रमण के लिए गुजरात रवाना हुआ। एक्सीलेंस स्कूल ग्राउंड से प्रशासन की मौजूदगी में विद्यार्थियों को शिक्षक-शिक्षिका के साथ रवाना किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी पूनम वरकड़े एवं योजना अधिकारी विनोद पड़लक ने बताया कि भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान, तकनीक और अन्य शैक्षिक गतिविधियों से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना है।

दल 27 सितंबर को अहमदाबाद पहुंचेगा। 28 सितंबर को विद्यार्थियों को एस्ट्रोनॉमी गैलरी, एक्वाटिक गैलरी, रोबोटिक गैलरी, नेचर पार्क, मल्टीमीडिया लेजर एवं फाउंटेन शो, लाइफ साइंस पार्क, हॉल ऑफ स्पेस, साइंस एनर्जी एजुकेशन, क्लाइमेट चेंज लर्निंग लैब और साबरमती रिवरफ्रंट सहित विभिन्न स्थानों का भ्रमण कराया जाएगा।

29 सितंबर को विद्यार्थी अदलाज स्टेपवेल, भारतीय प्रबंधन संस्थान, इसरो, साबरमती आश्रम, दांडी आश्रम और अक्षरधाम मंदिर का भ्रमण करेंगे। इसके बाद 30 सितंबर को केवड़िया स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का भ्रमण कराया जाएगा। वहां साउंड एंड लाइट शो देखने के बाद दल वापसी के लिए रवाना होगा और 1 अक्टूबर को बैतूल पहुंचेगा।

भ्रमण दल में आमला विकासखंड से दो, आठनेर से दो, बैतूल से तीन, भैंसदेही से एक, भीमपुर, चिचोली और घोड़ाडोंगरी से दो-दो, मुलताई से चार तथा प्रभात पट्टन और शाहपुर से एक-एक छात्र-छात्रा शामिल हैं। विद्यार्थियों के साथ एक शिक्षक एवं एक शिक्षिका भी मौजूद हैं। इस शैक्षिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को विज्ञान एवं गणित से जुड़े विषयों को प्रत्यक्ष रूप से समझने के साथ विभिन्न ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और तकनीकी स्थलों को देखने का अवसर मिलेगा। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के भ्रमण से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सीखने की रुचि विकसित करने में मदद मिलेगी।

## गायों के शव लेकर हाईवे गौरक्षकों ने 5 घंटे दिया धरना, लाईनमेन सस्पेंड



**नईदुनिया प्रतिनिधि, खरगोनः** शहर के बिस्टान रोड पर शनिवार सुबह जंगल में विचरण को गई दो गायों के बिजली के टूटे तारो की चपेट में आ गई। त सूचना पर पहुंचे गौरक्षकों ने विद्युत वितरण कंपनी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नाराजगी दर्ज कराई। दोपहर करीब 12 बजे मृत गायों को लेकर गौरक्षक कसरावद रोड़ स्थित अधीक्षण यंत्री कार्यालय पहुंचे। यहां कार्यालय के सामने चित्तौड़गढ़- भुसावल हाइवे पर शव रखकर प्रदर्शन किया। इससे चक्काजाम की स्थिति निर्मित हो गई। सैंकड़ों वाहन जाम में फंस गए। दोपहर करीब 2 बजे एंबुलेंस के पहुंचने पर गौरक्षकों ने उसके लिए राह रास्ता बनाया और तत्काल जाम से बाहर किया। 5 घंटे चले प्रदर्शन के बाद अधीक्षण यंत्री ने बढ़तेआक्रोश को देखते हुए आनन-फानन में लापरवाही के जिम्मेदार विद्युतकर्मी को निलंबन करने का आदेश जारी किया। आदेश की कॉपी मिलने के बाद गौरक्षकों ने चक्काजाम को खत्म किया। इसके चलते शाम करीब 5.30 बजे आवागमन शुरु हो सका। हालांकि लंबा जाम होने के चलते करीब 6 बजे यातायात सुचारु हो सका। इस दौरान यात्री बसों में सवारियां एवं स्कूल बसों में विद्यार्थी भी परेशान हुए।

प्रदर्शन में शामिल गौमाता सेवा संस्थान अध्यक्ष गौरक्षक सतीष राठौड़, हरिओम यादव, कमलेश यादव, गौरक्षक ऋषि यादव, मनोज कर्मा एवं वीरेंद्र बडे ने नाराजगी दर्ज कराते हुए बताया कि करंट से मौत का यह कोई पहला मामला नही है। पिछले चार माह में यह तीसरी घटना है। इससे पहले डेढ़ माह पहले जून माह में भी मांगरूल रोड पर एक नन्दी की करंट से मौत हो गई थी।

## कीटनाशक पीने से युवक की मौत

**खरगोन।** जिले के ग्राम श्रीखंडी में एक 29 वर्षीय युवक ने अपने ससुराल में कीटनाशक पी लिया, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उपचार के दौरान शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात युवक ने दम तोड़ दिया। शनिवार को पीएम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया।

अस्पताल से मिली जानकारी अनुसार गोलु चौहान निवासी बड़वानी को शुक्रवार रात करीब बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल लाए थे। यहां उपचार के दौरान रात करीब 1 बजे उसने दम तोड़ दिया। मृतक के साले मिथुन सोलंकी ने बताया कि जीजा गोलु का पारिवारिक घर बड़वानी में है, जिसका परिवार से कब्जे को लेकर विवाद था।

उसके घर पर हिस्सा नही मिलने के चलते वह तनाव में थे। पिछले एक साल से ससुराल में रह रहे थे। बार-बार शिकायत के बाद भी घर पर कब्जा नही मिलने के चलते उन्होंने यह कदम उठाया। दवाई पीने के बाद उन्होंने ही घर पर बताया था। इसके बाद अस्पताल लाए थे। जीजा की एक 8 वर्षीय बेटी और 6 साल का बेटा है। परिवार में मातम पसरा है।

## भूमिपूजन से पहले ही उखड़ा 'छोटी पुलिया' का तंबूः महिलाएं धरने पर बैठीं

### भाजपा नेता और नपाध्यक्ष लौटे; रहवासी बोले- अब समझौता नहीं, बड़ा पुल चाहिए



**नईदुनिया प्रतिनिधि, गुनाः** शहर की ईदगाह बाड़ी में शनिवार को पुलिया निर्माण का भूमिपूजन होने से पहले ही विरोध की ऐसी तस्वीर सामने आई कि कार्यक्रम शुरू होने से पहले ही पूरा माहौल बदल गया। भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, पार्षद और अन्य नेता भूमिपूजन के लिए पहुंचे, लेकिन स्थानीय रहवासियों ने साफ कह दिया कि उन्हें छोटी पाइप वाली पुलिया मंजूर नहीं है। महिलाएं कार्यक्रम के लिए लगाए गए टेंट में ही धरने पर बैठ गईं और मांग रख दी कि जब तक बड़ी पुलिया का निर्णय नहीं होगा, तब तक भूमिपूजन भी नहीं होने दिया जाएगा। बढ़ते विरोध के बाद आखिरकार कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा और नेता बिना भूमिपूजन किए लौट गए।

ईदगाह बाड़ी की यह पुलिया वार्ड क्रमांक 7 और 11 को जोड़ती है। पिछले महीने हुई तेज बारिश में पुलिया बह जाने के बाद से क्षेत्र का आवागमन बुरी तरह प्रभावित हुआ था। स्थानीय लोग तभी से स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं। नगरपालिका ने पुलिया निर्माण को स्वीकृति दी और शनिवार को विधिवत भूमिपूजन का कार्यक्रम तय किया गया था। इसके लिए टेंट से लेकर अन्य तैयारियां पूरी कर ली गई थीं, लेकिन रहवासियों ने मौके पर ही निर्माण के प्रस्तावित स्वरूप का विरोध कर दिया।

कुशवाह समाज के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत कुशवाह ने कहा कि क्षेत्रवासियों की मांग सिर्फ पुलिया बनने की नहीं, बल्कि ऐसी मजबूत और चौड़ी पुलिया बनने की है जो हर बारिश में मुसीबत न बने। उनका कहना है कि पाइप आधारित छोटी पुलिया में थोड़ी सी गंदगी या कचरा फंसते ही पानी का बहाव रुक जाता है। उन्होंने कहा कि पिछले करीब तीन वर्षों से क्षेत्रवासी इसी समस्या से जूझ रहे हैं। यदि वर्तमान बजट कम पड़ रहा है तो फंड बढ़ाकर बड़ा पुल बनाया जाना चाहिए। वहीं नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने बताया कि तकनीकी टीम ने पहले बड़े पुल का आकलन तैयार किया था, जिसकी लागत करीब दो करोड़ रुपए बताई गई थी।

परिषद से प्रस्ताव पारित होने के बाद राज्य सरकार से राशि की मांग भी की गई, लेकिन फंड उपलब्ध नहीं हो सका।नपाध्यक्ष ने कहा कि जब स्थानीय नागरिकों की सामूहिक मांग है कि अभी छोटी पुलिया न बनाकर बाद में ही सही, लेकिन बड़ा पुल बनाया जाए, तो उनकी भावना का सम्मान किया जाएगा। इसी वजह से शनिवार का भूमिपूजन नहीं किया गया।

## ममता, पोषण और संस्कार के आंगन में पहुंचे मंत्री शाह



**नईदुनिया प्रतिनिधि, खंडवाः** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत चल रहे 'आंगन मिलन सेवा अभियान' के तहत मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री एवं हरसूद विधायक डॉ. कुंवर विजय शाह शनिवार को मुहालखारी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे। उन्होंने बच्चों से संवाद कर उनकी गतिविधियों की जानकारी ली और केंद्र में संचालित योजनाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

मंत्री शाह ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल पोषण और देखभाल के केंद्र नहीं हैं, बल्कि यहां बच्चों को शिक्षा, संस्कार और ममता का वातावरण भी मिलता है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ बच्चों और उनके परिवारों के बीच सेवा का कार्य कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि 'आंगन मिलन सेवा अभियान' के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के योगदान और सेवा भाव को सम्मान देने का प्रयास किया जा रहा है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रारंभिक उम्र में पोषण, शिक्षा और संस्कार का मिलना आवश्यक है, जिसमें आंगनबाड़ी केंद्रों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

मंत्री ने बच्चों से उनकी पढ़ाई और केंद्र में होने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने आंगनबाड़ी परिसर में पौधरोपण भी किया।

समाजसेवी एवं प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सेवा कार्य पूर्ण होने के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न सेवा प्रकल्प आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मंत्री शाह का स्वागत किया। इस अवसर पर संतोष सोनी, लालू पालवी, एसडीएम, तहसीलदार एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अभिषेक ने संभाग स्तरीय एथलेटिक्स में जीता स्वर्ण



**आमला।** अर्धशासकीय पैराडाइज हायर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 12वीं के छात्र अभिषेक यादव ने संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया है। सारणी में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर अभिषेक ने आमला का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि के साथ उनका चयन अब राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हुआ है। अभिषेक यादव, पिता कोमल यादव, ने 200 मीटर दौड़ में अपनी तेज रफ्तार और बेहतरीन प्रदर्शन से प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया।

## ईंट-सीमेंट का भुगतान कराने के नाम पर युवक से साइबर ठगी, बेटी के खाते से 52,865 रुपये कटे

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सोहागपुरः** स्कूल में ईंट और सीमेंट पहुंचाने के बाद भुगतान कराने के नाम पर एक युवक साइबर ठगी का शिकार हो गया। ठगों ने भुगतान के लिए अलग-अलग खातों में राशि जमा कराने और व्हाट्सएप पर भेजे गए लिंक पर क्लिक करने को कहा। इसके बाद युवक की बेटी के एसबीआई खाते से कुल 52,865 रुपये कट गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज कराई है।

रामगंज वार्ड, सोहागपुर निवासी नंदलाल चौधरी ने पुलिस को बताया कि उनके मोबाइल पर एक व्यक्ति ने फोन कर खुद को खैरी स्कूल का प्राचार्य बताया। उसने स्कूल में ईंट और सीमेंट पहुंचाने के लिए कहा। नंदलाल ने स्कूल में निर्माण सामग्री पहुंचा दी। स्कूल में अवकाश होने के कारण उस समय स्कूल बंद था। सामग्री पहुंचाने के बाद जब नंदलाल ने फोन कर भुगतान के बारे में पूछा तो आरोपी ने एक अन्य मोबाइल नंबर देकर बताया कि भुगतान एसडीएम कार्यालय से होगा। इसके बाद आरोपी ने नंदलाल से खाते में 30 हजार रुपये बैलेंस रखने के लिए कहा। नंदलाल ने अपनी बेटी के एसबीआई खाते से 20 हजार रुपये जमा कराए।

इसके बाद आरोपी ने व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा। लिंक पर क्लिक करने के बाद फोन-पे के माध्यम से 19,999 रुपये खाते से कट गए। आरोपी ने रकम फंसने और कम भुगतान होने का झांसा देकर दोबारा रुपये जमा कराने को कहा। इसके बाद 15 हजार रुपये और जमा कराए गए। लिंक पर दोबारा क्लिक करने पर 15,887 रुपये कट गए।

आरोपी नेटवर्क संबंधी समस्या बताकर लगातार रकम जमा कराने के लिए कहता रहा। इस तरह अलग-अलग लेनदेन में कुल 52,865 रुपये खाते से निकल गए। इसके बाद आरोपी का मोबाइल बंद हो गया।

घटना के बाद नंदलाल खैरी स्कूल पहुंचे और प्राचार्य से संपर्क किया। प्राचार्य ने बताया कि स्कूल की ओर से उन्हें ईंट-सीमेंट डालने के लिए कोई फोन नहीं किया गया था। इसके बाद नंदलाल को ठगी का पता चला। पुलिस ने उनकी शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 318(4) और 319(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर ठगी की शिकायत 1930 हेल्पलाइन पर भी दर्ज कराई गई है।

## पीएम श्री विद्यालय को सीएसआर मद से मिले दस कंप्यूटर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, बड़वाहः** विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक एवं डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, जुनापनी को 10 नए कंप्यूटर प्राप्त हुए हैं। ये कंप्यूटर अग्रवाल डिस्टिलरीज जगतपुरा बड़वाह के प्रबंधक नरहरी दांगी द्वारा सीएसआर मद के तहत विद्यालय को उपलब्ध कराए हैं । विद्यालय की ओर से कंपनी को पत्र भेजकर आभार व्यक्त किया। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि शैक्षणिक संस्थानों को उपलब्ध कराए जाने वाले ऐसे संसाधन विद्यार्थियों की शिक्षा में उपयोगी साबित होते हैं। जुनापनी स्थित पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय केंद्रीय शिक्षा व्यवस्था के अंतर्गत संचालित विद्यालय है।

**स्पेशल खबर** | जनविश्वास शिविर में कलेक्टर ने सुनीं समस्याएं, महिला बाल विकास स्टॉल की अव्यवस्था पर जताई नाराजगी

## श्मशान भूमि आवंटन में लापरवाही पर पटवारी को निलंबित करने के दिए निर्देश



**नईदुनिया प्रतिनिधि, देवरी कलाः** विकासखंड स्तरीय जनविश्वास अभियान के तहत शनिवार को कृषि उपज मंडी परिसर में शिविर आयोजित किया गया। इसमें कलेक्टर प्रतिभा पाल ने क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। समनापुर सेठ में श्मशान भूमि उपलब्ध नहीं होने की शिकायत पर कलेक्टर ने पटवारी राशिद खान को निलंबित करने के मौखिक निर्देश दिए।

शिविर से पहले कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इसके बाद मंडी परिसर में विधायक पंडित बृजबिहारी पटेरिया ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कलेक्टर और विधायक ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया। महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल पर पर्याप्त दस्तावेज और योजनाओं की जानकारी उपलब्ध नहीं मिलने पर कलेक्टर ने एसडीएम मुनव्वर खान से नाराजगी जताई और व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

**आवास, पट्टे और अतिक्रमण से जुड़े आवेदनः** शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम जोड़ने, पट्टा दिलाने, सरकारी रास्तों से अतिक्रमण हटाने तथा दिव्यांगजनों को इलेक्ट्रिक साइकिल उपलब्ध कराने सहित विभिन्न समस्याओं के आवेदन मिले।

**अधिवक्ता संघ ने एसडीएम के खिलाफ शिकायत दीः** अधिवक्ता संघ ने एसडीएम मुनव्वर खान के खिलाफ कलेक्टर को शिकायती आवेदन सौंपा। इसमें अधिवक्ताओं के साथ व्यवहार तथा एसडीएम कार्यालय में निजी कर्मचारियों की भूमिका को लेकर आरोप लगाए गए।

**कलेक्टर के जाते ही खाली नजर आए स्टॉलः** कलेक्टर ने निर्देश दिए थे कि शिविर शाम 5 बजे तक चलेगा और सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी अपने स्टॉल पर मौजूद रहेंगे। बाद में आने वाले आवेदकों के आवेदन भी लेकर पंजीबद्ध करने को कहा गया था।

कार्यक्रम में विधायक पटेरिया ने अधिकारियों से मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप लोगों की समस्याओं का ईमानदारी से और समय-सीमा में निराकरण करने की बात कही। उन्होंने कहा की पहले लोग कलेक्टर से बात भी नहीं कर पाते थे लेकिन हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इस तरह की योजनाएं संचालित की है कि आज लोग सीधे जाकर कलेक्टर से बात कर अपनी समस्याओं का निराकरण करा रहे हैं एसपी अनुराग सुजानिया ने कानून व्यवस्था और बच्चों को नशे से दूर रखने की अपील की। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत के उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजपूत जिला पंचायत के सीईओ विवेक केबी,जिला सदस्य, एसडीएम मुनव्वर खान, एसडीओपी अरुण सिंह उईके, सहित सभी विभागों के प्रमुख मौजूद रहे।